# राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के शुभारंभ में 1 जून को रायगढ़ पहुंचेंगे मुख्यमंत्री

## छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण कर रायगढ़ को 354 करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात

- राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के लिए भव्य मंच हो रहा तैयार
- राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में कंबोडिया और इंडोनेशिया सहित 12 राज्यों की रामायण मंडलियां देंगी प्रस्तुति
- छत्तीसगढ़ सहित असम, केरल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गोवा, झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, ओडिसा, उत्तराखंड व पश्चिम बंगाल की मंडलियों की होगी प्रस्तुति
- कला-संस्कृति की समृद्ध परंपरा का दिखेगा संगम
- मशहूर कलाकार महोत्सव में करेंगे शिरकत
- आम जन के लिए महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में है नि:शुल्क प्रवेश

**रायगढ़।** रायगढ़ के रामलीला मैदान में 01 से 03 जून तक राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का विराट आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महोत्सव के शुभारंभ समारोह के लिए 01 जून को रायगढ़ पहुंचेंगे। वे यहां रामायण महोत्सव में शामिल होने के पूर्व कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और रायगढ़ को 354 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देंगे।



संस्कृति विभाग के तत्वाधान में रायगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए कंबोडिया और इंडोनेशिया ने स्वीकृति दे दी है। इन दोनों देशों के रामायण मंडली से जुड़े कलाकार अपनी नयनाभिराम प्रस्तुति देंगे। रायगढ़ में 1 जून से 3 जून तक आयोजित होने वाली इस महोत्सव में इन देशों के अलावा छत्तीसगढ़ सहित असम, केरल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गोवा, झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, ओडिसा, उत्तराखंड व पश्चिम बंगाल इन 12 राज्यों के मानस मंडलियां भी शामिल होंगी। इस महोत्सव में रामायण के अरण्य कांड पर नृत्य नाटिका की विशेष प्रस्तुति होगी। इसके अलावा प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ होगा। 3 जून को केलो महाआरती का भी आयोजन होगा। महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में आमजन का प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क है।

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और समृद्ध आतिथ्य का संगम दिखेगा। रायगढ़ कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा महोत्सव की तैयारियों की नियमित समीक्षा कर रहे है और आयोजन से जुड़े अधिकारियों से लगातार अपडेट ले रहें है। इस महोत्सव में पहले दिन 1 जून को महोत्सव की शुरुआत होगी। दोपहर 3 बजे से रामायण मंडलियों की प्रस्तुति शुरू होगी। शाम में इंडियन आइडल फेम प्रसिद्ध सिंगर शन्मुख प्रिया और शरद शर्मा की परफॉर्मेंस होगी।

दूसरे दिन 02 जून को दोपहर तीन बजे से रामायण मंडलियां प्रस्तुति देंगी। शाम को प्रसिद्ध गायक बाबा रघुवंशी और भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का समापन 03 जून को दोपहर 03 बजे मंडलियों की अंतिम प्रस्तुतियां होंगी। शाम 6 बजे केलो महाआरती और दीपदान का कार्यक्रम होगा। जिसके पश्चात प्रख्यात कवि कुमार विश्वास रामकथा कहेंगे और प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर के भजनों की प्रस्तुति होगी।

### सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने यातायात विभाग द्वारा निर्देश जारी

**रायगढ़ ।** जिला एवं बाहर से आने वाले गणमान्य नागरिक एवं वाहन चालकों से यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा यातायात व्यवस्था के संदर्भ में विनम्र अपील की गई है । जिला मुख्यालय के रामलीला मैदान, गौशाला रोड रायगढ़ में दिनांक 01.06.2023 से 03.06.2023 तक राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिला मुख्यालय एवं कार्यक्रम स्थल/ परिक्षेत्र मे सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात विभाग द्वारा दिये गये निर्देश के अनुरूप कार्यवाही कर सहयोग करें :-

**पार्किंग हेतु कार्यवाही (पार्किंग स्थल) :-**

पी-1 पुराना पुलिस लाईन :- माननीय मंत्रीगणो के कारकेड / आमंत्रित अन्य राज्यो के अतिथी के वाहनों हेतु।

पी- 2 नटवर स्कूल :- व्हीआईपी एवं कलाकारो के वाहनो की पार्किंग। (चार पहिया/बस)

पी- 3 रायगढ़ स्पोर्ट्स क्लब :- प्रशासनिक / पुलिस राजपत्रित अधिकारियो के वाहनो की पार्किंग। (चार पहिया)

पी- 4 संत माईकल स्कूल/चर्च :- आमजन, गाणमान्य नागरिको के वाहनो की पार्किंग। (चार पहिया/बस)

पी- 5 सुनील लेन्ध्रा कैंपस :- दो पहिया वाहनो की पार्किंग।

पी- 6 गांधी गंज :- आमजन, गणमान्य नागरिको के वाहनो की पार्किंग। (चार पहिया)

पी- 7 महिला कॉलेज :- आमजन, गणमान्य नागरिको के वाहनो की पार्किंग। (चार पहिया)

डायवर्सन कार्यवाही (डायवर्सन पाइंट) :-

(1) गौशाला तिराहा :- सभी प्रकार के वाहनों के लिए, डायवर्ट होकर हण्डी चैक।

(2) सत्तीगुढ़ी चैक:- सभी प्रकार के वाहनों के लिए, डायवर्ट होकर स्टेशन चैक।

**पूर्ण प्रतिबंधित मार्ग :-**

(1) हण्डी चौक, घड़ी चौक, सत्तीगुढ़ी चैक और गौशाला तिराहा के मध्य कार्यक्रम दौरान यातायात बंद रहेगा।

(2) नो-एण्ट्री :- शहर के बाहर चिन्हांकित नो-एण्ट्री पाइंटो में भारी वाहनो का आवागमन दिनांक 01.06.23 से 03.06.23 तक दोपहर 01:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### होमगार्ड कार्यालय के निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी 15 को

**रायगढ़।** जिला होमगार्ड कार्यालय, रायगढ़ में उनके निष्प्रयोज्य (कंडम)घोषित सामग्रियों (वर्दी सामग्री फुलपेन्ट, कमीज, टोपी, टोपी बैच, कन्धा बैच, जूते, मोजे, दरी, मच्छरदानी, किट बाक्स, फायर सामग्री आदि)की नीलामी 15 जून 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना रायगढ़ में की जाएगी। नीलामी बोली कर्ता नीलामी तिथि को प्रात: 10 बजे तक नीलामी की जाने वाली सामग्रियों को कार्यालय में देख सकेंगे। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी नियम एवं शर्तो की जानकारी के लिए जिला सेनानी नगर सेना में रायगढ़ संपर्क कर सकते है।

### असामयिक मृत्यु पर 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** ग्राम-नवागांव, थाना-धरमजयगढ़ अंतर्गत आशाराम सिदार की 1 जुलाई 2020 को तालाब के पानी में डूबने से असामयिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अंतर्गत मृतक की पत्नी रथकुंवर सिदार को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं बाढ़ राहत के संबंध में बैठक 6 को

**रायगढ़।** आगामी मानसून 2023 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं बाढ़ राहत बचाव करने हेतु 6 जून 2023 को समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की जाएगी। जिसमें बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित विषय पर चर्चा की जाएगी।

### अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने जनदर्शन में नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित की और अन्य आवेदनों पर जांच एवं कार्यवाही के लिए निर्देशित की। जनदर्शन में महतारी जतन योजना, पीएम आदर्श ग्राम योजना, सहकारी समिति के संयुक्त खाता विवाद, वनभूमि पट्टा, पशु शेड, पीएमआवास, मध्यान्ह भोजन संचालित, सरपंच के विरूद्ध शिकायत, राशन कार्ड, विधवा पेंशन, बीमा एवं पीएफ की राशि प्रदान करने, चिटफंड कंपनी से राशि दिलाने, ट्रांसफार्मर आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन के दौरान धनेश्वरी, राधा साहू और दुशिला महंत को अन्त्योदय कार्ड बनाकर दिया गया।

### ऑनलाइन सट्टा : 13 नग मोबाइल-टैब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** ऑनलाईन सट्टा खिलाने वाले एक युवक को राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए आरोपी के कब्जे से 13 नग मोबाइल तथाा एक टेबलेट जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर कल गुलमोहन वाटिका महावीर नगर में दबिश देकर आरोपी पालेश्वर निषाद पिता रामनारायण निषाद को पकड़ा गया। आरोपी अपने मोबाइल व टेबलेट में एक ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 13 नग मोबाइल फोन तथा टेब आदि जब्त किया गया है।

## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मनाया गया विश्व महिला माहवारी स्वच्छता दिवस

रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आज शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा में विश्व महिला माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य किशोरी और महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता रखने के लिये जागरूक करना एवं आसपास के नकरात्मक सामाजिक मानदंडो को बदलने के लिये मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसके अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को माहवारी मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता के बारे में, मासिक धर्मो में किये गये नैतिक नियम मासिक धर्म के समय किशोरी /महिलाओं के जीवन में होने वाले शारीरीक व मानसिक बदलाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए व चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो अब रूकना नही, क्योंकि महिलाओं की माहवारी अभिशाप नहीं प्रकृति का वरदान है। इसलिए माहवारी पर शर्म नहीं, बात करें इन बातों को गहराई से किशोरियों को बतलाया गया।



कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं के द्वारा ड्राइंग/ पेंटिग की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद ईश कृपा तिर्की, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.काकोली पटनायक, प्रभारी मीडिया अधिकारी उमा महंत, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी.डी.बस्तिया, फिजियोथैरिपिस्ट डॉ भावना साहू, यूनिसेफ के सहयोग से जिला समन्वयक दिव्या राजपूत उनके सहयोगी रोको टोको टीम/ ग्लर्स कालेज के किशोरी बालिकाएं/छात्राएं एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचधारी डेम नहाने जाने वालों का चुराया करते थे मोबाइल, दो युवक गिरफ्तार, आरोपियों से 5 मोबाइल जब्त

**रायगढ़।** दिनांक 28/05/2023 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लड़के बड़े रामपुर शराब भट्टी के पास ओप्पो, विवो कंपनी की मोबाइलों को सेकंड हैंड मोबाइल बताकर काफी सस्ते दाम में बेचने का सौदा कर रहे हैं, मुखबिर ने बताया कि दोनों लड़के संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं, उनके पास रखी हुई मोबाइल चोरी की हो सकती है। थाना प्रभारी द्वारा केवडाबाड़ी बस स्टैंड की ओर पेट्रोलिंग कर रहे थाने की पेट्रोलिंग को जाकर तस्दीक करने का निर्देश दिया गया। कोतवाली पुलिस की टीम बड़े रामपुर मेन रोड पर मुखबीर के बताये हुलिये अनुसार दोनों संदिग्ध लड़कों को घूमते हुये हिरासत में ली, जिनके पास पांच मोबाइल रखें मिले। संदेहियों से पूछताछ करने पर अपना नाम आकाश चौहान और सूरज लहरे बताये जिनसे मोबाइलों के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर वे दोनों बताये कि पिछले चार-पांच दिनों से वे पंचधारी डैम नहाने जाने वालों पर निगाह रखते हैं और मौका देखकर दोनों मिलकर मोबाइल चोरी किये हैं। आरोपी आकाश चौहान से 01 ओप्पो, 01 विवो और 01 रियल मी कंपनी की मोबाइल तथा आरोपी सूरज लहरे के पास से ओप्पो कंपनी की 02 मोबाइल कुल 5 नग मोबाइल कीमत करीब रु.50,000 का जप्त किया गया है।



थाना कोतवाली में आरोपी (1) आकाश चौहान पिता सुरेश चौहान उम्र 22 साल निवासी हीरापुर एकता नगर सीएसईबी कॉलोनी थाना कोतवाली रायगढ़ (2) सुरेश लहरे पिता पुनीलाल लहरे उम्र 24 साल निवासी अशोक विहार कॉलोनी थाना कोतवाली जिला रायगढ़ के पास चोरी की संपत्ति होने के पूर्ण संदेह पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 41(1+4) सीआरपीसी/379, 34 आईपीसी के तहत इस्तगासा की कार्यवाही कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में प्रधान आरक्षक राम साहू, आरक्षक जगमोहन लाल ओग्रे, मनोज पटनायक और नारायण सिंह राठिया की प्रमुख भूमिका रही है।

## गबन का फरार आरोपी बिलासपुर के कोटा से गिरफ्तार, माइक्रोफाइनेंस कंपनी में फील्ड अफसर था आरोपी

- ग्राहकों के लोन रकम जमा न कर हुआ था फरार, चौकी खरसिया में था अपराध दर्ज

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर जिले के सभी लंबित गंभीर प्रकरण जिनमें गिरफ्तारियां नहीं हुई है उनकी समीक्षा कर लगातार आरोपियों की पतासाजी हेतु अभियान जारी है। इसी क्रम में पुलिस चौकी खरसिया के 6 माह पुराने अमानत में खयानत मामले के फरार आरोपी अनेश कुमार खांडे को चौकी खरसिया की पुलिस ने बिलासपुर जिले के कोटा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी अनेश कुमार खांडे SV क्रेडिट लाईन लिमिटेड माईकोफाइनेंस कंपनी में फील्ड अफसर था और अपने 2 साल के कार्यकाल में ग्राहकों से लोन का करीब रु.1,06,046 को गबन कर फरार हो गया था।

पुलिस चौकी खरसिया में 10 नवंबर को कंपनी के ब्रांच मैनेजर संजय राठौर द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि अनेश कुमार कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर करीब 2 साल से कार्यरत था। कार्य के दौरान मार्च 2022 में तथा उसके कुछ महीने पहले ग्राहकों द्वारा लोन की रकम रु.1,06,046 को कंपनी में जमा नहीं किया था। कंपनी द्वारा उक्त रकम को जमा करने कहने पर अनेश ने कुछ मोहलत मांगा और मोहलत समाप्त होने के बाद भी रकम जमा नहीं कर फरार हो गया, ब्रांच मैनेजर के आवेदन पर आरोपी अनेश कुमार खांडे पर धारा 408 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय के निर्देशन पर अपराध के इन्वेस्टिगेशन दौरान पूर्व में आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर बिलासपुर के कोटा में दबिश दिया गया था, इस दौरान आरोपी फरार मिला। चौकी प्रभारी द्वारा इलाके में मुखबीर तैनात कर रखा गया था जिनसे मिली सूचना पर आरोपी को बिलासपुर के कोटा थाना क्षेत्र से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। आरोपी अनेश कुमार खांडे पिता दिनेश खांडे उम्र 24 साल निवासी घोंघाडीह थाना कोटा जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) को आज गबन के अपराध में गिरफ्तार कर जेएमएफसी खरसिया के न्यायालय पेश किया गया, जहां से प्राप्त जेल वारंट पर आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया है। आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, मनोज मरावी, आरक्षक मुकेश यादव की अहम भूमिका रही है।

## सखी वन स्टॉप सेन्टर ने युवती को पहुंचाया सकुशल घर

**रायगढ़।** सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास रायगढ़ में जिला महिला संरक्षण अधिकारी को जिला नाजिर (जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़)द्वारा 31 जनवरी 2023 को शाम लगभग 7 बजे एक युवती के न्यायालय परिसर में बैठे होने की जानकारी मोबाइल के माध्यम से प्राप्त हुई, जिस पर जिला महिला संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं सखी के स्टॉफ के द्वारा युवती की जानकारी लेने तत्काल न्यायालय परिसर में पहुंचे व युवती से बातचीत किए। जिस पर युवती ने अपना नाम, पिता का नाम, निवास स्थान रायगढ़ बताते हुए अपने पिता का नंबर बताया। उक्त नंबर में संपर्क कर पिता से बातचीत की गई व पुलिस पेट्रोलिंग के माध्यम से युवती को घर पहुंचा गया एवं पिता को सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ में आगामी तिथि को बुलाया गया। उक्त युवती के पिता द्वारा बताया गया कि उनके बेटी व उसकी 3 माह की पुत्री को एक महिला द्वारा रात्रि में अपने घर ले जाया गया था। जिस पर उक्त महिला से संपर्क कर जिला महिला संरक्षण अधिकारी के समक्ष सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास रायगढ़ में उक्त युवती व 3 माह के शिशु के साथ उपस्थित होने कहा गया। युवती के पिता द्वारा बताया गया कि युवती का विवाह हो चुका है व ससुराल पक्ष द्वारा किसी प्रकार का दवाई खिलाया गया था, जिस कारण युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गई वर्तमान में युवती का तलाक हो चुका है व पिता के साथ रह रही है। पिता द्वारा बताया गया कि उनकी 3 पुत्रियां है जिसमें से एक पुत्री मंदबुद्धि है व एक पुत्री मानसिक रूप से अस्वस्थ है। जिसकी देखभाल पिता द्वारा किया जाता है, ऐसी स्थिति में युवती व उसकी 3 माह के शिशु को घर में सुरक्षित रखना संभव नहीं है। अतएव युवती व शिशु को उचित संरक्षण प्रदाय करने हेतु आवेदन दिया गया। जिसके आधार पर जिला महिला संरक्षण अधिकारी के निर्देशानुसार शिशु के संरक्षण हेतु बाल कल्याण समिति में आवेदन प्रेषित कर शिशु को सुपुर्द किया गया एवं उक्त युवती के उचित उपचार सहित संरक्षण हेतु उन्नायक सेवा (समर्थ कम घरौंदा) को पत्र प्रेषित करते हुए सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ द्वारा युवती को पहुंचाया गया। वर्तमान में युवती उन्नायक सेवा (समर्थ कम घरौंदा)को पत्र प्रेषित करते हुए सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ द्वारा युवती को पहुंचाया गया। वर्तमान में युवती उन्नायक सेवा में कुशल पूर्वक रह रही है। व सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा नियमित रूप से समयानुसार फालोअप लिया जाता है। उक्त प्रकरण की कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं विकास अधिकारी, जिला महिला संरख्ज्ञण अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन पर सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ द्वारा किया गया।

## पारंपरिक मुर्गी पालन बना व्यवसाय, महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से संबल

- गोठान के निर्माण से बढ़े आजीविका के साधन
- लाभ को देखते हुए वृहद स्तर में मुर्गी पालन की बना रहे कार्ययोजना

**रायगढ़।** प्राय: ग्रामीण अंचल में पशुपालन, मुर्गी पालन को पारंपरिक तौर पर किया जाता है, जिसका कोई व्यवसायिक उद्देश्य नहीं होता, यह स्वयं के उपभोग तक सीमित रहता है, लिहाजा जिससे उनका काम तो हो जाता है लेकिन उससे उन्हें किसी प्रकार की आय अर्जित नही होती। लेकिन गोठान के निर्माण से अब मुर्गी पालन भी व्यवसायिक रूप में किए जाने लगा है। जिससे महिलाओं की आर्थिक स्तर में सुधार होने लगा है।

राज्य शासन की महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना आज ग्रामीणों के आय संवर्धन के साथ उनके परंपरागत कार्य पशु पालन को व्यवसाय के रूप में विकसित कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल बनाने का कार्य कर रही है। जिसके तहत ग्रामीण महिला एवं युवा जो पारंपरिक व्यवसाय अथवा पशु पालन करना चाहते है उनको सर्व सुविधायुक्त गोठान में जगह प्रदान कर उन्हें स्थायी व्यवसाय मुहैय्या करा रही है। जिससे ग्रामीण ऐसे स्थानों में बड़ी आसानी से अपने कार्यो को करते हुए उत्पादन निर्माण व विक्रय कर अच्छी आय अर्जित कर रहे है।

इसी प्रकार विकासखंड खरसिया का ग्राम नगोई गोठान है, जहां कबीर महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं घरों में की जाने वाली छोटे स्तर के मुर्गी पालन को अब गोठान में कर अच्छी आय अर्जित करते हुए शुरुआती दौर में 30 हजार से अधिक अर्जित कर चुकी है। अब वृहद स्तर में करने की कोशिश कर रही है और वे काफी हद तक सफल भी हो चुकी है। उनके मेहनत का रंग दिखने लगा है और माह में अच्छी खासी आय अर्जित कर रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुर्गी पालन के लिए अब तक एक ही शेड था, लेकिन अब दूसरा शेड बनाया जा चुका है, ताकि पर्याप्त मात्रा में चूजे रखकर ज्यादा लाभ अर्जित कर सके।



समूह में दिव्या चौहान, रूखमणी चौहान एवं लक्ष्मी चौहान काम करती है। उन्होंने बताया की गोठान में शासन द्वारा सर्वसुविधायुक्त मुर्गी शेड बनने से मुर्गी पालन में आसानी हो गई, जो पहले तक केवल बाड़ी व घरों तक सीमित था। उन्होंने प्रारंभिक दौर में कम और थोड़े बड़े मुर्गियों से कार्य प्रारंभ किए जिससे लाभ तो होता था लेकिन कम, समूह ने इस लाभ को बढ़ाने के लिए मुर्गी विक्रय के पैसे को व्यवसाय में लगाने लगी है। उन्होंने बताया की 1500 चूजे रखने से लगभग 40 दिनो में तकरीबन 90 हजार से एक लाख तक की कमाई हो जाती है, इसको ध्यान में रखकर वृहद कार्ययोजना बनाया जा रहा है, जिसके लिए उन्हें एक और शेड बनाया ताकि चूजे खरीद कर उन्हें बेचकर ज्यादा लाभ कमाया जा सके। वर्तमान में गर्मियों के कारण उन्होंने 250-300 तक मुर्गियां रखी हुई है।

**स्थानीय बाजारों के व्यवसायी है नियमित ग्राहक-** समूह की सदस्यों ने बताया की गोठान में मुर्गी पालन से उन्हें लाभ हो रहा है, नगोई से लगभग 8-10 कि.मी. तक के लोग मुर्गी खरीदने आते है। इसके साथ ही थोक व्यापारियों के अलावा स्थानीय बाजारों के दिन मांग बढ़ जाती है। इस मांग को पूर्ति करने के लिए अब चूजों के लिए अलग शेड की व्यवस्था की है, ताकि चूजे और मुर्गियां रखने में दिक्कत न हो और चूजा पालने से लाभ भी अधिक होगा। समूह की सदस्य बताती है कि आजीविका के बढ़ने से उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480